**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3676**

**03 अप्रैल, 2023 को उत्तर के लिए**

**देश में स्टेनलेस स्टील का उत्पादन**

**3676. श्री नारायण दास गुप्ता:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्टेनलेस स्टील की कितनी खपत है;

(ख) देश में वर्तमान में स्टेनलेस स्टील का उत्पादन कितना है;

(ग) भारत अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किन-किन देशों से और कितनी मात्रा में स्टील का आयात कर रहा है; और

(घ) क्या स्टील के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): देश में स्टेनलेस स्टील की खपत का ब्यौरा:-

| **वर्ष** | **कुल तैयार स्टेनलेस स्टील की खपत की मात्रा (मिलियन टन)** |
|---|---|
| अप्रैल-फरवरी 2022-23* | 3.179 |
| अप्रैल-मार्च 2021-22 | 3.044 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम (जेपीसी एमआईएस रिपोर्ट) | |

(ख): देश में वर्तमान में स्टेनलेस स्टील के उत्पादन का ब्यौरा:-

| **वर्ष** | **कुल तैयार स्टेनलेस स्टील की उत्पादन मात्रा (मिलियन टन)** |
|---|---|
| अप्रैल-फरवरी 2022-23* | 2.499 |
| अप्रैल-मार्च 2021-22 | 2.811 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम (जेपीसी एमआईएस रिपोर्ट) | |

(ग): विगत वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान आयात किए जा रहे इस्पात की मात्रा के साथ देश-वार आयात का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधाप्रदाता की है। उत्पादन जैसे निर्णय बाजार के समीकरणों से संचालित होते हैं और इस्पात कंपनियों द्वारा तकनीकी-आर्थिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं। सरकार ने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं, जिनमें शामिल हैं:-

- मेड इन इंडिया इस्पात की अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने हेतु घरेलू रूप से विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति को अधिसूचित करना।
- गैर-मानकीकृत इस्पात के विनिर्माण और आयात को बंद करने के लिए इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी करना।
- इस्पात आयातों के अग्रिम पंजीकरण हेतु इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) को अधिसूचित करना।
- 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना।

****

**अनुलग्नक-I**

## इस्पात आयातों की देश-वार मात्रा

(मात्रा हजार टन में)

| देश | 2021-22 | 2022-23* (अप्रैल-फरवरी) |
|---|---|---|
| | मात्रा | मात्रा |
| अर्जेंटीना | 1 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 0 |
| ऑस्ट्रिया | 9 | 8 |
| बहरीन | 5 | 1 |
| बांग्लादेश | 0 | 5 |
| बेल्जियम | 28 | 30 |
| ब्राज़ील | 6 | 3 |
| कनाडा | 10 | 10 |
| चीन | 833 | 1340 |
| चेक गणराज्य | 1 | 2 |
| डेनमार्क | 2 | 1 |
| फिनलैंड | 5 | 6 |
| फ्रांस | 58 | 73 |
| जर्मनी | 151 | 99 |
| इंडोनेशिया | 241 | 143 |
| ईरान | 0 | 0 |
| इटली | 34 | 28 |
| जापान | 664 | 768 |
| कजाकिस्तान | 1 | 6 |
| कोरिया | 2009 | 2036 |
| कुवैत | 3 | 3 |
| मलेशिया | 8 | 17 |
| नेपाल | 9 | 53 |
| नीदरलैंड | 13 | 4 |
| न्यूज़ीलैंड | 0 | 1 |
| ओमान | 5 | 7 |
| पोलैंड | 7 | 6 |
| पुर्तगाल | 2 | 2 |
| रोमानिया | 1 | 1 |
| रूस | 55 | 310 |
| सऊदी अरब | 14 | 8 |

| | | |
|---|---|---|
| सिंगापुर | 8 | 6 |
| स्लोवेनिया | 6 | 4 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 5 |
| स्पेन | 27 | 20 |
| स्वीडन | 39 | 46 |
| स्विट्ज़रलैंड | 1 | 1 |
| ताइवान | 194 | 158 |
| थाईलैंड | 25 | 51 |
| तुर्की | 2 | 2 |
| यू.के. | 6 | 4 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 24 | 11 |
| यूक्रेन | 22 | 6 |
| अमेरिका | 29 | 15 |
| वियतनाम | 75 | 286 |
| अन्य | 26 | 5 |
| **कुल** | **4669** | **5592** |

****